# FILLERFORM LIVE


# NTA UGC NET 2022

# हिंदी साहित्य


# MCQ's Series

**BY JYOTI MA'AM**





UGC Paper 1st Free Cl...
only admins can send messages
+91 81453 66384 joined using this group's invite link
+91 70102 37343 joined using this group's invite link
+91 96672 47765 joined using this group's invite link
+91 98557 99207 joined using this group's invite link
+91 60035 13791 joined using this group's invite link
+91 83590 38670 joined using this group's invite link
+91 91497 27505 joined using this group's invite link
+91 70910 66218 joined using this group's invite link
+91 75779 16791 joined using this group's invite link
+91 60035 13791 left
+91 90012 26665 joined using this group's invite link
+91 80037 25657 joined using this group's invite link
+91 89555 46730 joined using this group's invite link
Type a message



UGC Paper 1st Free Cl...
120 subscribers
December 28
Channel created
Channel photo changed
UGC
Broadcast


government_job_2020
1,711
Posts
6,845
Followers
7
Followi
Govt job 2020 (Fillerform) 17K
Education Website
Free Online Computer Class
1. Baisc computer
2. Web development
3. Hackig ... more
youtu.be/mIfPC5C-EvQ
Jaipur, Rajasthan
Edit Profile
Promotions
Insights
Contact
New
15K Sub
YouTube
2000 users

Download Now!

www.ugc-net.com






# UGC NET 100% Off Free Class



## Free Notes



## PYQ with Ans



## 100+ Mock Test

fillerform

# UGC-NET 2022

JUN 27

Research Maniacs Calendar
ResearchManiacs.com

Online Live Class

09:00 AM
Current GK

12:00 PM
Hindi-2nd paper

01:00 PM
History-2nd paper

03:00 PM
Commerce – 2nd

06:00 PM
Sanskrit

fillerform 8209837844 www.ugc-net.com

# UGC-NET 2022

# Mission JRF

JUN 27

Research Maniacs Calendar ResearchManiacs.com

04:00 PM
Mock Test(app)

10:00 PM
Home Work(website)

09:00 AM
Current GK

11:00 AM
Revision(2hr)

02:00 PM
Speed JRF-PYQ

09:00 PM
Math & DI

11:00 PM
50 MCQ

Online Live Class

www.ugc-net.com

fillerform 8209837844

1. **निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?**

(a) काज (b) आखर
(c) कान (d) वायु

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में से 'वायु' तद्भव शब्द न होकर तत्सम के अंतर्गत आता है जबकि कान, काज और आखर तद्भव शब्द हैं जिनके तत्सम क्रमशः कर्ण, कार्य और अक्षर होंगे।

2. **निम्नलिखित में कौन-सा शब्द यौगिक है, रूढ़ नहीं?**

(a) जलद (b) नाम
(c) कान (d) पर

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न का सही विकल्प 'जलद' होगा। जलद - जल (पानी)+द (देने वाला) शब्दों से मिलकर बना है, अतः यौगिक शब्द है जबकि नाक, कान और पर रूढ़ शब्द के अंतर्गत आते हैं।

3. **निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा आर्यभाषाओं के अंतर्गत नहीं आती है?**

(a) अरबी (b) फारसी
(c) लैटिन (d) यूनानी

**Ans. (a) :** विकल्पों में दी गई भाषाओं में 'अरबी' भाषा आर्यभाषा के अंतर्गत नहीं आती अपितु यह 'शामी' भाषा के अंतर्गत आती है जबकि लैटिन, यूनानी एवं फारसी आर्यभाषा के अंतर्गत आने वाली भाषाएँ हैं।

4. 'तारीख' निम्नलिखित में से किस भाषा का मूल शब्द है?

(a) पोर्चुगीज
(b) अरबी
(c) तुर्की
(d) हिन्दी

**Ans. (b) :** 'तारीख' शब्द अरबी भाषा का है। आदमी, औरत, कमर, चश्मा आदि अरबी भाषा के अन्य शब्द हैं जबकि पेरु, पादरी आदि पुर्तगाली भाषा के। उर्दू, तोप, तमगा जैसे शब्द तुर्की भाषा के हैं।

5. **रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार नाथों की संख्या है-**

(a) 10
(b) 9
(c) 8
(d) 7

**Ans. (b) :** प्रसिद्ध हिन्दी आलोचक रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार नाथों की संख्या नौ है। नौ नाथों के नाम क्रमशः इस प्रकार हैं :- नागार्जुन, जड़भरत, हरिश्चन्द्र, सत्यनाथ, भीमनाथ, गोरक्षनाथ (गोरखनाथ), चर्पटनाथ, जलंधर और मलयार्जुन।

6. 'नगर बाहिरे डोंबी तोहरि कुड़िया छई।
छोड़ जाइ सो बाह्य नाड़िया।।'
उपर्युक्त काव्य पंक्तियाँ किसकी हैं?

(a) सरहपा
(b) कण्हपा
(c) लूहिपा
(d) डोंभिपा

**Ans. (b) :** प्रश्न में दी गयी पंक्ति 'नगर बाहिरे डोंबी तोहरि कुड़िया छई। छोड़ जाइ सो बाह्य नाड़िया।'- सिद्ध कण्हपा की है, जबकि सरहपा को हिन्दी का प्रथम कवि माना जाता है। लूहिपा और डोंभिपा प्रसिद्ध सिद्ध कवि हैं।

7. रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार निम्नलिखित में से 'द्वयाश्रय काव्य' के रचयिता है?

(a) पुष्पदंत (b) हेमचंद्र

(c) जैनाचार्य मेरुतुंग (d) विद्याधार

**Ans. (b) :** प्रसिद्ध आलोचक रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार 'द्वयाश्रय काव्य' के रचयिता हेमचन्द्र हैं। इस काव्य की रचना हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण के उदाहरण के लिए की थी, जिसमें 'कुमारपाल चरित' नामक एक प्राकृत काव्य भी है। जबकि पुष्पदंत अपभ्रंश के कवि हैं इनका प्रमुख ग्रंथ तिरसठी महापुराण है। इन्हें 'अपभ्रंश का भवभूति' भी कहा जाता है। मेरुतुंग ने प्रबंध चिंतामणि नामक काव्य लिखा। आदिकालीन कवि विद्याधर के पद 'प्राकृत-पिंगल-सूत्र' में मिलते हैं।

8. 'मलिक मुहम्मद जायसी की प्रेम कविता' हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल विभाजन और नामकरण करते हुए उपर्युक्त नामकरण किस साहित्येतिहासकार ने सुझाया है?

(a) अब्राहम जार्ज ग्रियर्सन (b) रामचन्द्र शुक्ल

(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) गणपतिचंद्र गुप्त

**Ans. (a) :** हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल विभाजन और नामकरण करते हुए 'मलिक मुहम्मद जायसी की प्रेम कविता' नामकरण जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन ने अपने साहित्येतिहास ग्रंथ 'द मॉडर्न वर्नाक्युलर लिटरेचर ऑफ हिन्दुस्तान' में सुझाया। अतः उचित उत्तर जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन होगा।

**9. निम्नलिखित में से कौन-सी निबन्ध की तात्त्विक विशेषता नहीं है।**

(a) अन्विति (b) विचारात्मकता

(c) संवादात्मकता (d) आत्मव्यंजकता

**Ans. (c) :** संवादात्मकता निबंध की तात्विक विशेषता नहीं है बल्कि नाटक की विशेषता में आयेगा जबकि अन्विति, विचारात्मकता और आत्मव्यंजकता निबंध की तात्विक विशेषता है।

**10. 'त्रिशंकु' के नाटककार हैं।**

(a) मुद्राराक्षस (b) बृजमोहन शाह

(c) मणि मधुकर (d) रमेश बक्षी

**Ans. (b) :** 'त्रिशंकु' नाटक के नाटककार बृजमोहन शाह है। 'त्रिशंकु' एक व्यंग्य प्रधान नाटक है। नाटककार ने 'त्रिशंकु' में समाज की पूरी व्यवस्था पर व्यंग्य करते हुए त्रिशंकु के समान लटकते मूल्यों पर चोट किया है। 'तिलचट्टा' मुद्राराक्षस का, 'रसगंधर्व' मणिमधुकर का तथा 'देवयानी का कहना है' –रमेश बक्षी का चर्चित नाटक है।

11. निम्नलिखित में से कौन ललित निबन्धकार नहीं है?

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(c) विद्यानिवास मिश्र (d) कुबेरनाथ राय

**Ans. (a) :** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ललित निबन्धकार नहीं हैं जबकि हजारी प्रसाद द्विवेदी, विद्यानिवास मिश्र एवं कुबेरनाथ राय ललित निबंधकार हैं। हजारी प्रसाद द्विवेदी के ललित निबंधों में अशोक के फूल, कुटज, आलोक पर्व आदि प्रमुख हैं। विद्यानिवास मिश्र के ललित निबंधों में छितवन की छाँह, हल्दी दूब, तुम चन्दन हम पानी, आँगन का पंछी और बनजारा मन आदि तथा कुबेरनाथ राय का प्रिया नीलकण्ठी, रस आखेटक, गंधमादन, विषाद योग, निषाद बाँसुरी आदि प्रमुख ललित निबंध हैं। 'चिन्तामणि' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निबंधों का संग्रह है जिसमें मनोविकार संबंधी एवं सैद्धांतिक निबंध शामिल हैं।

12. 'लाला ब्रजकिशोर और मुंशी चुन्नीलाल निम्नलिखित में से किस उपन्यास के पात्र हैं?

(a) भाग्यवती (b) रहस्य कथा

(c) नूतन ब्रह्मचारी (d) परीक्षा-गुरु

**Ans. (d) :** लाला ब्रज किशोर एवं मुंशी चुन्नीलाल लाल श्रीनिवास दास के उपन्यास परीक्षा गुरू (1882) उपन्यास के पात्र हैं। भाग्यवती (1877) श्रद्धाराम फिल्लौरी का एवं नूतन ब्रह्मचारी (1886) तथा रहस्य कथा (1879) उपन्यास बालकृष्ण भट्ट का है।

13. आधुनिक ईरान की पृष्ठभूमि पर रक्त रंजित क्रान्ति का चित्रण निम्नलिखित में से किस उपन्यास में किया गया है?

(a) दूसरी तरफ (b) लाल पसीना

(c) सात नदियां एक समुन्दर (d) वे दिन

**Ans. (c) :** आधुनिक ईरान की पृष्ठभूमि पर रक्त रंजित क्रांति का चित्रण नासिरा शर्मा के उपन्यास 'सात नदियां एक समुन्दर' में किया गया है। 'वे दिन' उपन्यास के लेखक निर्मल वर्मा हैं जबकि 'लाल पसीना' अभिमन्यु अनत का एवं 'दूसरी तरफ' महेन्द्र भल्ला का उपन्यास है।

14. "सीताहरन तात जनि, कहेउ पिता सन जाइ।
जौ मैं राम तौ कुल-सहित कहिहि दसानन जाइ॥"
उक्त उदाहरण में कौन सी ध्वनि है?

(a) अर्थांतर संक्रमित वाच्य ध्वनि

(b) अत्यंत तिरस्कृत वाच्य ध्वनि

(c) वस्तु ध्वनि

(d) अलंकार ध्वनि

**Ans. (a) :** "सीताहरन तात जनि, कहेउ पिता सन जाइ। जौ मैं राम तौ कुल-सहित कहिहि दसानन जाइ।।" पंक्तियों में अर्थांतर संक्रमित वाच्य ध्वनि है। ध्वनि मुख्यतः दो प्रकार की होती है (1) लक्षणा मूलक ध्वनि (2) अभिधा मूलक ध्वनि फिर लक्षणा मूलक के दो भेद-अर्थांतर संक्रमित वाच्य ध्वनि एवं अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य ध्वनि है, जहाँ वाच्यार्थ का सीधा अन्वय नही हो पाता वहाँ शब्द अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर अपने से सम्बन्धित किसी विशिष्ट अर्थ का बोध कराता है अर्थात् जब वाच्यार्थ अर्थान्तर में संक्रमित हो जाये उसे अर्थान्तर संक्रमित वाच्य ध्वनि कहते हैं।

15. "देशप्रेम है क्या? प्रेम ही तो है। इस प्रेम का आलंबन क्या है? सारा देश अर्थात् मनुष्य, पशु, पक्षी, नदी, नाले, वन सहित सारी भूमि।" उक्त कथन किसका है?

(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी (d) श्याम सुन्दर दास

**Ans. (b) :** "देश प्रेम है क्या? प्रेम ही तो है। इस प्रेम का आलंबन क्या है? सारा देश अर्थात् मनुष्य, पशु, पक्षी, नदी, नाले, वन सहित सारी भूमि" यह कथन रामचन्द्र शुक्ल का है जो चिन्तामणि भाग II के निबंध 'काव्य में प्राकृतिक दृश्य' से लिया गया है। महावीर प्रसाद द्विवेदी प्रसिद्ध निबंधों में संपत्तिशास्त्र, रसज्ञरंजन तथा श्यामसुंदर दास के निबंधों में साहित्य की विशेषताएँ, समाज और साहित्य, कर्तव्य और सभ्यता ललित निबंधकार हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंधों में कुटज, आलोक पर्व आदि हैं।

16. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?
(a) अरस्तू का अनुकरण सिद्धान्त प्लेटो के अनुकरण सिद्धान्त से सर्वथा भिन्न है।
(b) अरस्तू ने स्पष्ट कर दिया है कि कवि और चित्रकार के माध्यम अलग-अलग हैं।
(c) प्लेटो ने अनुकरण को सभी कलाओं की एकता का सामान्य आधार माना है।
(d) अरस्तू का अनुकरण सिद्धान्त प्लेटो के अनुकरण सिद्धान्त का अनुकरण मात्र है।

**Ans. (d) :** दिये गये विकल्पों में से 'अरस्तू का अनुकरण सिद्धांत प्लेटो के अनुकरण सिद्धांत का अनुकरण मात्र है' कथन सही नहीं है जबकि 'अरस्तू' का अनुकरण सिद्धांत प्लेटो के अनुकरण सिद्धांत से सर्वथा भिन्न है', 'अरस्तू ने स्पष्ट कर दिया है कि ककवि और चित्रकार के माध्यम अलग-अलग हैं' तथा 'प्लेटो ने अनुकरण को सभी कलाओं की एकता का सामान्य आधार माना है' कथन पूर्णतः सत्य है जो अरस्तू और प्लेटो के दार्शनिक विचारों से मेल खाते हैं।

17. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
(a) वर्ड्सवर्थ की प्रसिद्ध कृति 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' (Biographia Literaria) में कल्पना के सिद्धान्त का विस्तृत विश्लेषण है।
(b) सेमुअल टेलर कॉलरिज और विलियम वर्ड्सवर्थ में गुरु-शिष्य का संबंध था और कल्पना के संबंध में दोनों के मतैक्य का यह एक महत्वपूर्ण कारण था।
(c) कॉलरिज के अनुसार किसी कला कृति का मूल्य उसकी कलात्मकता में ही है, उसके बाहर नहीं।
(d) कल्पना को कॉलरिज केवल काव्य सर्जन के लिए अनिवार्य मानते है। आलोचना में उसकी भूमिका नहीं होती।

**Ans. (c) :** 'कॉलरिज के अनुसार किसी कलाकृति का मूल्य उसकी कलात्मकता में ही है, उसके बाहर नहीं' कथन सही है जबकि अन्य विकल्पों का कॉलरिज की साहित्य एवं कला संबंधी मान्यताओं से मेल नहीं हो रहा है ध्यातव्य है कि 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' कॉलरिज की प्रसिद्ध कृति है जिसमें उनकी कई मान्यताएँ हैं।

**18. निम्नलिखित में से किस बिंदु पर महात्मा गाँधी और डा. भीमराव अम्बेडकर के बीच मतभेद था?**

(a) अंहिसा
(b) अलग मतदाता सूची
(c) करुणा
(d) लोकतंत्र

**Ans. (b) :** 'अलग मतदाता सूची' पर महात्मा गाँधी और डॉ. भीम राव अम्बेडकर के बीच मतभेद था। गोलमेज सम्मेलन के दौरान महात्मा गाँधी ने दलित वर्गों के लिए पृथक निर्वाचिका प्रस्ताव के विरूद्ध दलील पेश की थी कि 'अपृश्यों के लिए पृथक निर्वाचन का प्रावधान उनके लिए स्थायी दासता का रूप ले लेगा' जबकि अम्बेडकर ने कहा कि 'हमारे सामने एक ऐसा वर्ग है जो निश्चय ही अस्तित्व के संघर्ष में खुद को कायम नहीं रख सकता....... इन परिस्थितियों में सभी निष्पक्ष सोच वाले व्यक्ति इस बात पर सहमत

19. निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर-आधुनिकता का तत्व नहीं है।

(a) विकेन्द्रीयता (b) केन्द्रवाद

(c) विखंडन (d) स्थानीयता

**Ans. (b) :** केन्द्रवाद उत्तर-आधुनिकता का तत्व नहीं है जबकि विकेन्द्रीयता, विखंडन और स्थानीयता उत्तर-आधुनिकता के तत्व हैं। आधुनिकता का अगला चरण उत्तर आधुनिकता है जो निरंतर गतिशील है, उत्तर आधुनिकता का कोई केन्द्रवर्ती रूप नहीं बना या बन सकता है क्योंकि उत्तर आधुनिकता एक प्रकार से विकेन्द्रीकरण की सतत प्रक्रिया है इसमें साहित्य, संस्कृति, दर्शन आदि तर्कवादी सिद्धांतों का विखंडन है, इसमें स्थानीयता के गुण भी मौजूद रहते हैं।

20. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का 'अनस्थिरता' शब्द संबंधी विवाद किस लेखक से हुआ था?

(a) बालकृष्ण भट्ट (b) बालमुकुन्द गुप्त

(c) पद्मसिंह शर्मा कमलेश (d) किशोरीदास बाजपेयी

**Ans. (b) :** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का 'अनस्थिरता' शब्द संबंधी विवाद बालमुकुन्द गुप्त से हुआ था। गुप्त जी ने भारतेन्दु और द्विवेदी दोनों युगों में सक्रिय लेखन किया, उनकी ख्याति उनके लिखे 'शिवशंभू के चिट्ठे' से है। गुप्त जी के निबंधों की शैली व्यंग्य परक होती थी बालकृष्ण भट्ट भारतेन्दु युग के प्रसिद्ध निबंधकार हैं, जिनके प्रसिद्ध निबंधों में आत्मनिर्भरता, कल्पना, शब्द का आकर्षण शक्ति आदि प्रमुख हैं। किशोरीदास बाजपेयी को 'हिन्दी का पाणिनि' कहा जाता है उनके व्याकरण संबंधी कार्य सराहनीय है, उनके ग्रंथों में ब्रजभाषा का व्याकरण, अच्छी हिन्दी, हिन्दी निरुक्त आदि प्रमुख हैं जबकि पद्म सिंह शर्मा कमलेश ने हिन्दी के कुछ प्रमुख साहित्य-सेवियों के इंटरव्यू 'मैं इनसे मिला' पुस्तक में संग्रहीत किया है।

**21. निम्नलिखित में से कौन सी अवधारणा मार्क्सवादी विचाराधारा के प्रतिकूल है।**

(a) सर्वहारा का अधिनायकत्व (b) इतिहास चक्र

(c) वर्गहीन समाज (d) परिवर्तन की अनिवार्यता

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में इतिहास चक्र की अवधारणा मार्क्सवादी विचारधारा के प्रतिकूल है जबकि सर्वहारा का अधिनायकत्व, वर्गहीन समाज एवं परिवर्तन की अनिवार्यता मार्क्सवादी विचारधारा के अनुकूल है। ध्यातव्य है कि मार्क्सवाद एक भौतिकवादी पाश्चात्य दर्शन है जो समाजवाद की बात करता है।

**22. भवानी प्रसाद मिश्र की कविता 'सतपुड़ा के जंगल' में गोंड जाति निम्नलिखित में से किन को पालकर बैठी है?**

(a) मुर्गे और तीतर (b) हिरण और मुर्गाबी

(c) भेड़ और बकरी (d) गधे और ऊंट

**Ans. (a) :** 'दूसरा सप्तक' के कवि भवानी प्रसाद मिश्र की प्रसिद्ध कविता 'सतपुड़ा के जंगल' में गोंड जाति मुर्गे और तीतर नामक पक्षियों को पालकर बैठी है। गीत फरोश, चकित है दुःख, गाँधी पंचशती, अंधेरी कविताएँ, बुनी हुई रस्सी आदि इनके अन्य काव्य ग्रंथ हैं। शेष विकल्प असंगत हैं।

23. 'रामचरित मानस' के उत्तरकांड में उन्होंने ज्ञान की अपेक्षा भक्ति को कहीं अधिक सुसाध्य और आशुफलदायिनी कहा है।

(a) श्यामसुंदर दास (b) रामस्वरूप चतुर्वेदी

(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) मलयज

**Ans. (c) :** 'रामचरित मानस के उत्तरकाण्ड में ज्ञान की अपेक्षा भक्ति को कहीं अधिक सुसाध्य और आशुफलदायिनी' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कहा। आचार्य शुक्ल के प्रिय कवि गोस्वामी तुलसीदास है। श्याम सुंदरदास ने 'कबीर ग्रंथावली' का संपादन किया इनके अन्य ग्रंथों में हिंदी कोविद रत्नमाला, रूपक रहस्य, साहित्यालोचन आदि प्रमुख हैं। रामस्वरूप चतुर्वेदी के प्रमुख रचना में कामायनी का पुनर्मूल्यांकन, हिंदी नवलेखन, कविता का पक्ष, भक्तिकाव्य यात्रा आदि प्रमुख हैं। मलयज की प्रमुख कृतियों में जख्म पर धूल, अपने होने का अप्रकाशित करता हुआ आदि प्रमुख हैं।

24. गोरी सौवै सेज पर, मुख पर डारै केस।
चल खुसरो घर आपने, रैन भई चहुं देस।।
उपर्युक्त दोहा अमीर खुसरो ने किस संदर्भ में कहा है?

(a) अपने आश्रयदाता के नाराज होने पर

(b) सम्पत्ति के लूटे जाने पर

(c) हजरत निजामुद्दीन औलिया की मृत्यु पर

(d) अपनी प्रेमिका द्वारा तिरस्कृत होने पर

**Ans. (c) :** "गोरी सौवे सेज पर, मुख पर डारै केस। चल खुसरो घर आपने, रैन भई चहुं देस।।"– यह दोहा अमीर खुसरो ने अपने गुरु हजरत निजामुद्दीन औलिया की मृत्यु पर कहा था। गौरतलब है कि खुसरो अपने गुरु से बहुत प्रेम और लगाव रखते थे उनका परलोकवास खुसरों के लिए आघात समान था, अन्य प्रदत्त विकल्प असंगत है जिनका इस संदर्भ से कोई साम्य नहीं है।

25. ओ मेरे आदर्शवादी मन,
और मेरे सिद्धांतवादी मन,
अब तक क्या किया?
जीवन क्या जिया॥

उपर्युक्त पंक्तियों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है?

(a) स्वयं से असंतुष्टि (b) आत्मालोचना
(c) असमंजस की स्थिति (d) आत्ममंथन

**Ans. (c) :** "ओ मेरे आदर्शवादी मन,
और मेरे सिद्धांतवादी मन,
अब तक क्या किया?
जीवन क्या जिया।।"

इन पंक्तियों के आधार पर असमंजस की स्थिति वाला प्रदत्त विकल्प मेल नहीं खा रहा है जबकि स्वयं से असंतुष्टि, आत्मालोचना एवं आत्ममंथन के भाव उपर्युक्त कविता से संबद्ध हो रहे हैं।

"यदि श्रद्धा और मनु अर्थात मनन के सहयोग से मानवता का विकास रूपक है, तो भी बड़ा ही भावमय और श्लाघ्य है।"

कामायनी के संदर्भ में उपरोक्त कथन किसका है?

(a) गजानन माधव मुक्तिबोध
(b) आचार्य नंद दुलारे बाजपेयी
(c) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(d) जयशंकर प्रसाद

27. साधो, देखो जग बौराना
सांची कहौ तौ मारन धावै झूँठे जग पतियाना।
हिंदू कहत है राम हमारा मुसलमान रहमाना।
आपस मैं दोऊ लड़े मरतु हैं मरम कोई नहि जाना।
उपरोक्त पंक्तियों में कौन-सा कबीर का संदेश नहीं है।

(a) धार्मिक असहिष्णुता
(b) साम्प्रदायिक सोहार्द्र
(c) धार्मिक सद्भाव
(d) एकेश्वरवाद की प्रतिष्ठा

**Ans. (a) :** 'साधो, देख जग बौराना।
सांची कहौ तो मारन धावै झूँठे जग पतियाना।
हिंदू कहत है राम हमारा मुसलमान रहमाना।
आपस में दोऊ लड़े मरतु हैं मरम कोई नहि जाना।।

इन पंक्तियों में धार्मिक असहिष्णुता का संदेश नहीं है जबकि धार्मिक सद्भाव, साम्प्रदायिक सौहार्द और एकेश्वरवाद की प्रतिष्ठा का संदेश उपर्युक्त पंक्तियों में मौजूद है। कबीर निर्गुण भक्ति धारा के ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख कवि हैं जिनकी रचना साखी, सबद और रमैनी है, जिसे धर्मदास ने 'बीजक' नाम से संपादित किया।

28. **करम बीबी और सरफराज़ निम्नलिखित में से किस उपन्यास के पात्र हैं?**

(a) ज़िन्दगीनामा
(b) सूरजमुखी अंधेरे के
(c) डार से बिछुड़ी
(d) यारों के यार

**Ans. (a) :** 'करम बीबी' और 'सरफराज़' नामक पात्र जिन्दगीनामा नामक उपन्यास के है; जिसकी रचना कृष्णा सोबती ने 1979 ई० में की जबकि 'डार से बिछुड़ी', 'सूरजमुखी अंधेरे के' (1972) और 'यारों के यार' भी कृष्णा सोबती की अन्य रचनाएँ हैं।

29. **'मानस का हंस' उपन्यास के पात्र नहीं हैं।**

(a) बेनीमाधव - पण्डित गंगाराम
(b) गंगेश्वर - मंगलू
(c) वीरपाल सिंह - जाह्नवी
(d) नंददास - शिवचरण वैद्य

**Ans. (c) :** वीरपाल सिंह-जाह्नवी पात्र युग्म अमृतलाल नागर के उपन्यास 'मानस का हंस' से संबंधित नहीं है जबकि बेनी माधव-पण्डित गंगाराम, गंगेश्वर-मंगलू, नंददास-शिवचरण वैद्य 'मानस का हंस' के पात्र हैं जो उपन्यास की कथावस्तु में समय-समय पर आते हैं।

30. निम्नलिखित में से किस उपन्यास में उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के एक कस्बानुमा गांव शिवपाल गंज की कहानी वर्णित है?

(a) राग दरबारी
(b) आधा गाँव
(c) जल टूटता हुआ
(d) गली आगे मुड़ती है

**Ans. (a) :** 'राग दरबारी' उपन्यास में उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के एक कस्बानुमा गाँव शिवपालगंज की कहानी वर्णित है जो प्रसिद्ध उपन्यासकार श्रीलाल शुक्ल द्वारा लिखा गया व्यंग्यात्मक शैली का उपन्यास है जबकि 'आधा गाँव' उपन्यास में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के गँगौली गाँव की कहानी है जिसकी रचना राही मासूम रज़ा ने की है। 'गली आगे मुड़ती है' उपन्यासकार शिवपसाद सिंह की कृति है और 'जल टूटता हुआ' उपन्यास रामदरश मिश्र का है।


WHAT'S
YOUR
SCORE



जिसने भी खुद को खर्च
किया है,
DUNIYA ने उसी को
GOOGLE पर SEARCH
किया है।।



www.fillerform.com
fillerform